मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-59
29/01/2019

पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस के निधन पर आयोजित शोक सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना 29 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जेडीयू पार्टी कार्यालय में पूर्व रक्षा मंत्री स्व0 जॉर्ज फर्नांडिस के निधन पर आयोजित शोक सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्व0 जॉर्ज फर्नांडिस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जॉर्ज साहब के निधन से हम सभी मर्माहत हैं। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। उनका निधन हम सबों के लिए बहुत दुःखद है। जॉर्ज साहब का जो योगदान इस देश की राजनीति में रहा है और जो कुछ भी उन्होंने समाज के लिए किया है वह सदैव याद रखा जाएगा। सिद्धांत के प्रति, समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव रही। अपनी युवा अवस्था से ही उन्होंने जिस ढंग से लोगों के हक की लड़ाई लड़ी, जिस तरह से मुम्बई में श्रमिकों का नेतृत्व किया उसे भी भुलाया नहीं जा सकता है। संसद में भी उनका योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा। जब 1977 और 1989 में सरकार बनी तो उसमें वे शामिल रहे। जब 1998 में सरकार बनी उसमें उनकी भूमिका रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं अन्य मंत्रालयों में भुलायी नहीं जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जॉर्ज साहब हमलोगों के न सिर्फ नेता थे बल्कि वे अभिभावक भी थे। 1994 में उन्हीं के नेतृत्व में नई पार्टी बनी। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में जो कुछ भी सीखने का अवसर मिला और आज जो कुछ भी लोगों की सेवा करने की कोशिश करते हैं इसमें उनका ही योगदान रहा है। मैं उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे उनके अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। उनके पुत्र अमेरिका में हैं जो कल तक आ पायेंगे। उनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार होगा। उनकी पत्नी से भी बात हुई है, मुम्बई एवं अन्य जगहों में उनके साथ जो सक्रिय रहे हैं उन सबों से भी बातचीत हुई है। हम सभी लोग आज ही दिल्ली चले जायेंगे और उनके प्रति अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से यह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

श्रद्धांजलि सभा में जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, विधान सभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री जय कुमार सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, गन्ना उद्योग मंत्री श्री खुर्शीद आलम सहित विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में पार्टी के नेतागण एवं कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

******